समाचार

पर्यावरण संरक्षण हेतु अधिकाधिक वृक्षारोपण जरूरी–महापौर

(महापौर श्रीमती अग्रवाल ने सरदार वल्लभभाई पटेलनगर में किया वृक्षारोपण)

कोरबा 25 जुलाई 2015 –महापौर श्रीमती रेणु अग्रवाल ने आज कहा है कि प्रदूषण की बढ़ती समस्या से निपटने एवं पर्यावरण को संरक्षित रखने हेतु अधिक से अधिक संख्या में पौधों का रोपण, उनका संरक्षण एवं वनों का संवर्धन कियाजाना अत्यंत जरूरी है। उन्होने कहा कि पौधों का रोपण कर देना ही काफी नहीं है, बल्कि उनकी पूर्ण सुरक्षा भी की जानी चाहिए ताकि वे वृक्षों का रूप प्राप्त कर पर्यावरण के संतुलन में अपना योगदान दे सकें।

उक्ताशय के विचार महापौर श्रीमती अग्रवाल ने आज दर्री जोनांतर्गत सरदार वल्लभभाई पटेलनगर में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम के दौरान व्यक्त किए। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा सम्पूर्ण निगम क्षेत्र में वृक्षारोपण किए जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। इसी कडी में आज दर्री जोन के अंतर्गत आने वाले सरदार वल्लभभाई पटेलनगर में वृक्षारोपण का कार्यक्रम रखा गया था। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महापौर श्रीमती अग्रवाल ने वहां पर पौधों का रोपण किया, इस मौके पर सभापति श्री धुरपाल सिंह कंवर, पूर्व सभापति संतोष राठौर, मेयर इन काउंसिल सदस्य श्रीमती श्यामारामायण दास महंत व सुनील पटेल, पार्षद अंतराम प्रजापति, मस्तुल सिंह, विनित एक्का आदि ने भी वृक्षारोपण किया। महापौर श्रीमती अग्रवाल ने आगे कहा कि नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा अपने क्षेत्र में लगभग प्रतिवर्ष वृक्षारोपण कराया जाता है, निगम अपने मूलभूत दायित्वों के साथ–साथ पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी पूरी तरह सजग है। उन्होने कहा कि वृक्ष हमारे जीवनदाता है, उनके द्वारा हमें प्राणवायु आक्सीजन प्राप्त होती है, पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने में वृक्षों की सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण भूमिका है, जितने ज्यादा वृक्ष एवं जंगल होंगे पर्यावरण में उतना ही अधिक संतुलन बना रहेगा। महापौर श्रीमती अग्रवाल ने कहा कि वृक्षों की सुरक्षा एवं उनका संवर्धन हम सभी का सामूहिक दायित्व है, जिसका निर्वहन हम सबको पूरी गंभीरता के साथ करना होगा। इस मौके पर पूर्व सभापति श्री संतोष राठौर ने भी वृक्षों की महत्ता एवं वृक्षारोपण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला तथा कहा कि पर्यावरण को संतुलित बनाने रखने के लिए वृक्षों को लगाना एवं उनकी सुरक्षा करना अत्यंत जरूरी है। हम सभी का दायित्व हैं कि हम अपने इस कर्तव्य को पूरी गंभीरता के साथ निभाएं। इस अवसर पर सभापति श्री धुरपाल सिंह कंवर, पूर्व सभापति श्री संतोष राठौर, महिला कांग्रेस की शहर जिलाध्यक्ष सपना चौहान, मेयर इन काउंसिल सदस्य श्रीमती श्यामारामायणदास, सुनील पटेल, पार्षद अंतराम प्रजापति, मस्तुल सिंह, विनीत एक्का, रंजित चहल, व्ही.के. श्रीवास्तव, राजा भोज, वीरेन्द्र जायसवाल, हेमंत देवांगन, रमेश्वर चन्द्र, निगम के सहायक अभियंता अखिलेश शुक्ला, राजस्व अधिकारी अशोक बनाफर, उप अभियंता यशवंत जोगी आदि के साथ काफी संख्या में नागरिकगण उपस्थित थे।

वार्ड क्र. 07 में भी हुआ वृक्षारोपण – नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र के वार्ड क्र. 07 पी.डब्ल्यू.डी. रेस्ट हाउस के सामने मोतीसागरपारा क्षेत्र में भी आज वृक्षारोपण का कार्यक्रम रखा गया था, जिसमें वार्ड पार्षद श्रीमती बबीता वाल्मीकि के साथ ही वार्ड के नागरिकों एवं निगम के अधिकारियों ने पौधों का रोपण किया तथा पौधों की सुरक्षा हेतु आवश्यक कदम उठाए जाने के संबंध में अपने सुझाव दिए। कार्यक्रम में सहायक अभियंता डी.सी. सोनकर, उप अभियंता एम.एल. बरेठ, छबिलाल वाल्मीकि, लक्ष्मीनारायण चौहान, नरोत्मदास महंत, बिसाहू कुंभकार, रानी ठाकुर, बसंती श्रीवास, गीता शर्मा, श्रीमती आर.पाटकर, कु. आर.एम. ध्रुवे, श्रीमती के.तिर्की, बी.के. निराला, एम.डी.महंत, पी.आर. यादव, दिलेश्वर यादव, शिवनाथ सायं, गुरूजीन दास, नवधा पटेल, अरथराम पटेल, अर्जुनदास महंत, धनीराम पटेल, नारायण प्रसाद पटेल आदि के साथ अन्य नागरिकगण उपस्थित थे।

संपादकब्यूरोचीफ......................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित

(रावेन्द्र सिंह)
सहायक जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)